खबर संक्षेप

स्थानीय विद्यालय में शुरू होगा समर कैंप का आयोजन

भुआबिछिया। स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का आयोजन 1 मई से 15 मई तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नगर के समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हो सकते हैं। इस दौरान छात्र छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर उनके हुनर को विकसित करना यही इस शिविर का लक्ष्य है। इस शिविर में विभिन्न कलाओं जैसे रंगोली, चित्रकला, मेंहदी डिजाइन के साथ साथ स्पोकन इंग्लिश, वैदिक गणित, संस्कृत संभाषण और योगासन एवं प्राणायाम, व्यायाम एवं खैलकूद आदि गतिविधियों से छात्र छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। विद्यालय परिवार एवं शाला की प्राचार्य निशा पाण्डेय ने सभी नगर वासियों से अपेक्षा की है कि वे अपने बच्चो नौनिहालों को इस शिविर में अवश्य शामिल करें और उनके विकास में सहभागी बने।

म.प्र. राज्य पुरूष हॉकी अकादमी के लिए प्रतिभा चयन कार्यक्रम

मण्डला। म.प्र. राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु सेलिंग विधा का प्रतिभा चयन कार्यक्रम दिनांक 22/04/2024 से 23/05/2025 तक प्रदेष की विभिन्न जिलों में आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 12 मई 2024 को 04 बजे से शाम 06 बजे तक इण्डोर स्टेडियम मण्डला में प्रतिभा चयन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में भाग लेने 08 से 12 वर्ष तक के इक्छुक खिलाड़ी निर्धारित दिनांक, समय एवं स्थल पर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल/स्थानीय निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ उपस्थित हो सकते है। चयन से संबंधित अधिक जानकारी हेतु श्री नरेंद्र सिंह राजपूत, तकनीकी प्रषिक्षक मोबा. नम्बर 9167783061 अथवा श्री अनील शर्मा, तकनीकी प्रषिक्षक वाटर स्पोटर्स सेलिंग मोबा. नम्बर 8871127817 से सम्पर्क कर सकते है। म.प्र. राज्य पुरूष हॉकी अकादमी भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रतिभ चयन कार्यक्रम दिनांक 29/04/2024 से 30/05/2024 तक प्रदेष के विभिन्न जिलों में आयोजित किया जा रहा है। जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी निकटतम जिला सिवनी में दिनांक 09 मई 2024 अथवा जबलपुर में दिनांक 10 मई 2024 को जाकर चयन कार्यक्रम में भाग ले सकते है। खिलाड़ी निर्धारित दिनांक एवं स्थल पर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल/स्थानीय निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ उपस्थित हो सकते है।

अभिषेक, पूजन, भंडारे के साथ हुआ उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का समापन

माँ नर्मदे हर से गूंजा उत्तर तट

*** रास्ते में जगह-जगह की गई सेवा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नर्मदा नगरी मंडला में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा विगत चार वर्ष पहले प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत महिष्मति मां नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति के तत्वावधान में उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा रविवार को प्रातः प्रारंभ की गई। मंडला नगर के व्यास नारायण मंदिर में संकल्प लेकर उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा शुरू हुई। परिक्रमा का रात्रि विश्राम घाघा घाघी में हुआ। यहां रॉंत्रि में भजन,कीर्तन किया गया। माँ नर्मदा की मनमोहक आरती भक्तों द्वारा की गई। हजारों की संख्या में यहां परिक्रमावासी के अलावा लोग मौजूद रहे।

ज्ञात हो कि दो दिवसीय उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा के घाघा घाघी में रात्रि विश्राम के बाद प्रातः घाघा घाघी नर्मदा तट नाव से पार करके बबैहा गरम पानी कुण्ड पहुंचे। यहां गरम पानी कुण्ड में परिक्रमा में शामिल भक्तों ने गरम पानी कुण्ड व नर्मदा में स्नान कर यात्रा को आगे बढ़ाया। बबैहा में अल्प विराम के बाद यात्रा आगे की और बढ़ी। ग्वारी, तिंदनी होते हुए परिक्रमावासी कटरा पहुंचे। जहां पर दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई थी। यहां से मौसम में बदलाव भी देखने को मिला रिमझिम बारिश के बीच मां नर्मदा के जयकारे लगाते श्रृद्धालु राजेश्वरी वार्ड जहां से यात्रा प्रारंभ की थी वहां के लिए निकल पड़े।

बारिश में भी नर्मदा भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। राजेश्वरी वार्ड के व्यास नारायण मंदिर में पूजन के बाद यात्रा का समापन किया गया। यहां अन्य कार्यक्रम भी किया जाना था लेकिन खराब मौसम के कारण नहीं हो सके। बबैहा से लेकर कटरा के बीच जगह-जगह भक्तों द्वारा परिक्रमावासियों के लिए स्वल्पाहार एवं चाय नाश्ता की व्यवस्था की गई। नर्मदा भक्तों की सेवा का अवसर क्षेत्रीय लोगों को मिला।

लगभग 42 किमी की रही यात्रा

ज्ञात हो कि उत्तरवाहिनी परिक्रमा का यह चौथा वर्ष है। महाराजपुर

संगम से घाघा-घाघी तक लगभग 21 किमी एक तट व 21 किमी बैबहा से राजराजेश्वरी वार्ड तक कुल 42 किमी की परिक्रमा पूर्ण की गई। बता दें कि नर्मदा परिक्रमा को लेकर शास्त्रों में एक प्रावधान यह भी किया गया है कि जो कोई भी मां नर्मदा की परिक्रमा किसी कारणवश चाहते हुए भी न कर पा रहा हो तो वह व्यक्ति उत्तरवाहिनी मां नर्मदा परिक्रमा कर इस पुण्य लाभ को प्राप्त कर सकता है। यह जिलेवासियों का सौभाग्य है कि मां नर्मदा जिले को तीन ओर से घेरते हुए मंडला से कल-कल करती आगे बढ़ रही है। इसी के साथ जिले में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा तट भी स्थित है। जिससे नर्मदा नगरी का महत्व और बढ़ जाता है।

सम्पूर्ण नर्मदा परिक्रमा के बराबर पुण्यदायक

अमरकंटक से माँ नर्मदा का उद्गम होता है और खंबात की खाड़ी तक मां नर्मदा प्रवाहित होती है, इस पूरे मार्ग में तीन स्थान ऐसे हैं जहां मां रेवा उत्तर दिशा में प्रवाहित हुई हैं। जहां-जहां मां नर्मदा उत्तर दिशा में प्रवाहित हुई उतने क्षेत्र की परिक्रमा करने का प्रावधान शास्त्रों में बताया गया है और यह परिक्रमा वर्ष में सिर्फ एक माह में ही की जाती है, वह चैत्र का माह। पूरे नर्मदा क्षेत्र में 3 स्थान ऐसे हैं जहां माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी हुई हैं, इनमें से एक गुजरात प्रदेश में तिलकवाड़ा, दूसरा क्षेत्र मंडला और तीसरा ओमकारेश्वर के पास का स्थान है जो कि अब बांध बन जाने से डूब क्षेत्र में आकर विलोपित हो गया है। गुजरात के तिलकवाड़ा में उत्तरवाहिनी परिक्रमा वर्षो से की जा रही है। यह आयोजन उस क्षेत्र का बहुत बड़ा आयोजन होता है। दो दिवसीय यात्रा में शामिल नर्मदा भक्तों का जगह-जगह स्वागत भी किया गया।

लापरवाही से वाहन चलाते खड़ी कार को मारी टक्कर

बाल-बाल बचे परिक्रमावासी

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

इन दिनों मोबाइल पर बात करते हुये कार चलाना फैशन बन गया है क्योंकि कुछ कारोबारी लोगों को यह दिखाना चाहते हैं कि वे अपनी जिंदगी में बहुत व्यस्त हैं और कारोबार इतना बढ़ चुका है कि कार चलाते-चलाते भी मोबाइल में बात करना आवश्यक होता है। इनका शायद समय बहुत कीमती है लेकिन इस समस्या से बचने इनके द्वारा चालक रखना भी गवारा नहीं होता यानि पैसा भी बचाना है और कार भी चलाना है भले ही इनकी इस तरह की हरकतों से किसी की जान जोखिम में क्यों न पड़ जाये।

कल इसी तरह के एक कारोबारी ने मोबाइल पर बात करते हुये तेज गति से कार चलाकर सड़क किनारे खड़ी दूसरी कार को टक्कर मार दी यह घटना कल दोपहर तिंदनी स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने की है जहां बबैहा से उत्तरवाहिनी परिक्रमा करने वाले नर्मदा भक्त महिला-पुरूष एवं बच्चे माँ नर्मदा के जयकारे लगाते आ रहे थे और दूसरे नगर के श्रद्धालु उनकी सेवा में ठण्डा पेयजल एवं गर्मी से बचने उन्हे फल दे रहे थे इसी दौरान जबलपुर की ओर से एक कार तेजी से आई और पलक झपकते इस सेवा कार्य में लगे लोगों की सड़क किनारे खड़ी कार को ठोक दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खड़ी कार के पिछड़ा हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वह तो गनीमत थी कि तेज गति से आती कार को देखते हुये कार के पास खड़े परिक्रमावासी दौड़कर अपनी जान बचा सके। दुर्घटना के दौरान जब नगरवासियों ने उक्त कार चालक से पूछा कि इस तरह की लापरवाही का क्या मायने है तो कार चालक बकौरी निवासी अनिल गुप्ता ने बताया कि मोबाइल पर कॉल आई और बात करते-करते सामने की कार पर उनका ध्यान नहीं रहा और यह दुर्घटना घट गई। स्थानीय लोग जो परिक्रमावासियों की सेवा कार्य में लगे थे उन्होंने कार चालक अनिल गुप्ता समझाया और इस तरह वाहन चलाते मोबाइल पर बात करने की आदत से दूर रहने की समझाईश दी। अनिल गुप्ता को इस बात का भी एहसास कराया गया कि यदि परिक्रमावासियों का ध्यान तेज गति से आती कार पर न होता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी और उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा जो कि मण्डला नगर पहचान बन चुकी है उस पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो सकते थे। इस पूरे मामले में पुलिस की लापरवाही भी सामने आई जबकि परिक्रमा के आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन को काफी सूचित किया गया था और इस मार्ग पर उनसे सहयोग भी मांगा गया था।

नगर में मनाया गया महावीर जयंती महोत्सव

मण्डला। आज नगर मे सकल दिगंबर जैन समाज मंडला द्वारा महावीर जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कल सुबह वाहन रैली निकाली गई जो शहर के सभी मुख्य मार्ग से होकर सभी जैन मंदिर में झंडा लगाकर जीयो और जीने दो के नारे के साथ जोश पूर्ण संपन्न हुई. इसके पाश्चात्य सरकारी अस्पताल में फल वितरण का कार्यक्रम किया गया. आज सुबह शासन नायक 1008 महावीर भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई. इसके समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विद्यासागर ji महा मुनिराज के शुरू करवाये गौशाला एवं हाथकरघा की झांकी प्रस्तुत की गई. जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी जी को काँधे में रजत पालकी में शहर भ्रमण कराया गया. इसके पाश्चात्य पड़ाव दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक पूजन एवं संगीतमय संध्या आरती का आयोजन किया गया. नवीन आचार्य 108 समय सागर जी महाराज के आचार्य पदरोहन के बाद य़ह पहली महावीर जयंती आयोजित हुई।

कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज का निरीक्षण

मण्डला। मेडीकल कॉलेज के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाएं तथा सभी कार्यों के लिए पृथक-पृथक टीम रखें। निर्माण कार्य के विभिन्न स्तरों के लिए समय सीमा तय करें तथा उसके अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें। बाउंड्रीवॉल के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें। कलेक्टर ने कॉलेज भवन तथा छात्रावास भवन की ड्राईंग के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान भवन निर्माण कॉर्पोरेशन के अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

खुद को पुलिसकर्मी बताकर अवैध वसूली करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 5 नग पशु जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

टाटरी पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को पकड़ा है जो स्वयं को पुलिसकर्मी बात कर पशु पशुओं को क्रूरता पूर्वक वाहन में भरकर ले जाने वाले लोगों से अवैध रूपये की वसूली करता था।वहीं पुलिस द्वारा 4 भैसा तथा 1 भैसी को क्रूरता पूर्वक पिक अप वाहन में ले जाते हुए जप्त भी किया गया है। बताया जाता है कि टाटरी चौकी प्रभारी विकास सिंह तोमर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बालाघाट जिले के बैहर क्षेत्र से एक पिकअप वाहन में पालतु पशु भैसा तथा भैसी को क्रूरता पूर्वक भरकर टाटरी की ओर लाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर रात्रि लगभग 11:30 बजे टाटरी चौकी पुलिस द्वारा इंद्री तिराहा के पास संदिग्ध पिक अप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया परंतु संदिग्ध पिक अप वाहन क्रमांक एमपी 51 जेडबी 6708 के चालक ने वाहन नहीं रोका और तेजी से वाहन भगाकर ले गया लगा।पुलिस द्वारा उक्त वाहन को पीछा करके पकड़ा गया और जांच की गई तो उसमें 4 नग भैंसा तथा 1 नग भैंसी को क्रूरता पूर्वक सींग तथा पैर बांधकर ले जाया जा रहा था।पुलिस ने वाहन चालक नंदलाल झरिया निवासी ग्राम कन्हर गांव थाना नैनपुर से पूछताछ की तो उसने बताया कि पशुओं को मकबूल अहमद कुरैशी निवासी भैंसवाही थाना नैनपुर द्वारा सैफुल्लाह कुरैशी निवासी भैंसवाही के कहने पर भैसवाही नैनपुर ले जा रहे थे।इसी दौरान टाटरी से निकलते समय एक व्यक्ति ने वाहन को रोका और कहा कि मेरा नाम मोहित पटेल है।मैं पुलिस चौकी टाटरी से हूं ।तुम मुझे 5000 रुपये दो नहीं तो तुम्हारी गाड़ी अंदर कर दूंगा। तब वाहन चालक नंदलाल झरिया द्वारा इस बात की जानकारी सैफुल्लाह कुरैशी को दी गई तब सैफुल्लाह कुरैशी ने मोहित पटेल के मोबाइल के फोन पे एकाउंट नंबर पर पर 2000 रुपये ट्रांसफर किया।तब जाकर मोहित पपैल ने वाहन को जाने दिया।वहीं पुलिस द्वारा पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर नंदलाल झरिया पिता बसोरी लाल झरिया, अमन कुरैशी पिता मकबूल अहमद कुरैशी, सैफुल्लाह कुरैशी, मोहित पटेल निवासी टाटरी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 43/ 24 धारा 419, 384, 109 भारतीय दंड विधान, धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 तथा धारा 132 मोटर यान अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

इनका कहना है:-

पशुओं को क्रूरता पूर्वक ले जा रहे एक वाहन को पकड़ा गया है तथा खुद को पुलिसकर्मी बताकर अवैध वसूली करने वाले एक युवक को भी पुलिस ने पकड़ा है।जप्त किए गए पशुओं को कांजीहाउस टाटरी भेजा गया है।

-विकास सिंह तोमर, चौकी प्रभारी टाटरी

ठगी | **2 आरोपियों को थाना कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

जमीन समतलीकरण के नाम पर हो रहीं धोखाधड़ी

*** 06 लाख रूपये जबरन बैंक खाते से निकलवाये।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कुछ अपराधिक तत्वों द्वारा जमीन के समतलीकरण के नाम पर धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दे रहें हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार ठग पहले गांवों में पहुंचकर रैकी करते है, लोगों के बारे जानकारी ईकट्ठा करते है एवं ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करते है, जो कर्मचारी, किशान एवं अपनी उबड खाबड जमीन को समतल करना चाहते हो। इस तरह की ठगी करने वाले यदि टारगेट बना ले तो फिर उसको अपनी बातों में विभिन्न प्रकार के फसाकर जमीन समतलीयकरण के लिये मना लेते है। एक बात नोट करने वाली हैं इस तरह के वारदात के लिये ठगों द्वारा किशान, रिटायर्ड कर्मचारी या रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों व धनाड्य व्यक्तियों को टारगेट बनाया जाता हैं।

वारदात को अंजाम देने का तरिका

टारगेट सेट होने के बाद आरोपियों द्वारा लोकल के आसपास के जेसीबी मशीन किराये पर लेकर आपके जमीन पर थोड़ा बहुत काम कराते हैं एवं आपको काम के लिए एक बड़ी राशि मांग करते ये राशि 20-25 लाख तक भी हो सकती हैं। जब आप इनको पैसे देने से मना करते हैं तो ये आपको अपने बोस बोलकर अपने ही एक साथी से मिलाते है, जो थोड़ी बहुत राशि कम करके बैंक से पैसे निकालकर देने के लिए दबाव डालते हैं। आरोपी आपके साथ बैंक भी जाते है एवं बैंक में रखे सारे पैसे दबाव डालकर निकाल कर ठगी करते हैं।

व्यक्ति अंजान हो तो हमेशा शक करिये

याद रखें जमीन समतल कराने के नाम पर कोई भी सर्वे या डिस्काउंट जैसी कोई स्कीम अधिकारिक तौर पर नहीं चल रहीं हैं। कोई भी जेसीबी मशीन वाले व्यक्ति आपके घर में आकर या गाँव गांव में घुमकर सर्वे नहीं करतें हैं।

कोई भी अनजान व्यक्ति जो जमीन समतल कराने के नाम पर घुम रहा हो तो उसकी सूचना मंडला पुलिस के मोबाइल नंबर 7049141561 या नजदिकी थाने में देवें। ये सूचना आप गोपनीय रूप से भी दे सकते है।

क्या है मामला

दिनाक 04 अप्रैल 24 को बेलन सिंह वरकडे जो थाना क्षेत्र टिकरिया जिला मंडला ने ऐसे ही एक घटना की रिपोर्ट थाना कोतवाली में कराई। रिपोर्टकर्ता ने बताया की अज्ञात लोगों द्वारा जेसीबी एजेंट बनकर आयें, खेत समतल करवाने के काम के लिए जेसीबी बुलाया एवं मुझे अपने चंगुल में फसाकर मुझसे अधिक पैसे की मांग करने लगें। इस तरह आरोपियों ने षड्यंत्रपूर्वक फरियादी को मंडला स्टैट बैंक लाकर बैंक खाते से 6 लाख रूपये निकलवाकर उसका मोबाइल, निकाले गये 06 लाख व मोटरसाइकिल को ठगी करके आरोपी अपने साथ ले गए हैं। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 223/2024 धारा 420, 406 का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले के संज्ञान में आते ही तत्काल अनुविभागीय अधिकारी मंडला के निर्देशन पर टीम गठित कर घटना के संबंध में साक्ष्य एकत्र किये गए। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों की पताशाजी के प्रयास किए गये एवं संभावित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर विशलेषण किया गया। प्राप्त साक्ष्यों व तकनिकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान (1)भूरा पिता अकिल खान निवासी जगदीशपुर बिलौली थाना फतेहपुर जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश (2)जुबेर खान पिता शरीफ अहमद निवासी जगदीशपुर बिलौली फतेहपुर जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश (3) सलमान खान पिता इकबाल खान निवासी फतेहपुर बाराबंकी उत्तर प्रदेश रूप में की गई। उक्त आरोपियों की तलाश हेतु एक पुलिस टीम उत्तर प्रदेश रवाना कर आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्र की गयी। कोतवाली पुलिस को आरोपियों के संबंध में प्राप्त सूचना पर पुलिस स्टाफ द्वारा आरोपी भूरा पिता अकील खान, जुबेर खान पिता शरीफ खान से पुछताछ पर घटना स्वीकार करते हुए मोटर साइकिल को फुल सागर हाईवे के किनारे झाड़ियों में छुपाना बताया। आरोयोपियो से उक्त मोटर साइकिल और नकदी 80,000 रूपये जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

खबर संक्षेप

पुलिस ने जप्त की अवैध शराब

गाडरवारा। पुलिस द्वारा शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये चलाई जा रही मुहिम के दौरान बीते हुये दिवस नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में माता वार्ड निवासी मेघराज पिता खन्नू लाल नामक युवक के पास से 7 लीटर व गोपाल पिता पन्नी लाल केवट निवासी निरंजन वार्ड के पास से 5 लीटर, हनुमान वार्ड निवासी एक महिला के पास से 4 लीटर तथा रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में एक महिला के पास से 5 लीटर तथा ग्राम करहैया सलैया में ब्रजेश पिता सुरेष श्रीवास्तव नामक व्यक्ति के पास से 18 पाव शराब जप्त करते हुये धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।

माल वाहक की टक्कर से पहुंची चोट

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम अंजसरा निवासी राकेश बंशकार जब अपने का से कही जा रहा था उसी दौरान तेज गति व लापरवाही पूर्वक भागते हुये जा रहे माल वाहक वाहन क्रमाक एम पी 05 जी 8570 के चालक द्वारा टक्कर मारने के चलते राकेश को चोट पहुंचाये जाने पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

कचरा फेंकने की बात को लेकर मारपीट

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बोदरी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि कचरा फेकने की बात को लेकर उसके साथ वही के निवासी धनीराम जाटव व अन्य दो महिलाओं द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई जिसके चलते पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस राम लाल कहार के पुत्र द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब उसके पिता राम लाल कहार अपने किसी काम से सांईखेडा की ओर जा रहे थें उसी दौरान किसी रिस्तेदार के मिलने पर वह लोग सोनी बेयर हाऊस के पास खड़े होकर बाते करने लगे तो इस दौरान एक चार पहिया वाहन के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते सड़क किनारे खडे हुये राम लाल कहार के आलवा संदीप गौड निवासी ग्राम कोठिया व मुकेश विश्वकर्मा तथा बाईजू ठाकुर को चोटे पहुंचने पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

ईंट पत्थर मारकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बारछी निवासी जशमन पिता चुन्ना रझर उम्र 24 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि खेलने की बात को लेकर वही के निवासी कमल रझर व गुड्डु रझर द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये ईट के पत्थर से मारपीट करते हुये चोटे पहुचाई व जान से मारने की धमकी दी गई जिसके चलते पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

इस मनमानी पर कब लगेगा अंकुश...

गाडरवारा। जहां एक ओर मा. न्यायालय द्वारा रात 10 बजे के बाद सभी प्रकार के ध्वनियंत्रों पर रोक लगा रखी है, मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर के मध्य व रहवासी क्षेत्र में जहां तहां खुले वार्क शांप सहित अन्य लोहे का सामन बनाने वाले तथा कथित कारखाने नुमा दुकानों पर रात रात भर लोह के समान की ठोका पीटी होने के कारण लोगों को जहां रात में सोने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वही दूसरी इन दुकानों पर लोहे की ठोक पीट के चलते घरों में वृद्व मरीज भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर में युवादल द्वारा निकाली जावेगी भव्य रैली, नगर को भगवा रंग के झंडों से सजाते हुये दिया गया है मनमोहक स्वरूप

आज हनुमान जी के जन्मोत्सव मौके पर राम भक्त मारूती के मंदिरों में होंगे पूजन सहित अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। भगवान श्रीराम के समर्पित भक्त, ज्ञान, गुणो के सागर, भक्तों को बल, बुद्धि, अष्टसिद्ध प्रदान करने वाले पवन सुत हनुमान जी का जन्मोत्सव चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज हनुमान जी के प्रिय दिवस मंगलवार को लोगों द्वारा बडे ही हर्ष व उल्लास के बीच मनाई जावेगी। ज्ञात हो कि इस वर्ष मंगलवार के दिन हनुमान जयंती पड़ना निश्चित तौर से शुभ संकेत देने से नही चूक रहा है। इसी के चलते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जोर शोर के साथ तैयारियाँ चल रही है। इस वर्ष बड़े ही सौभाग्य के बीच हनुमान जी का जन्मोत्सव दिवस पड़ने के कारण इसका महत्व और बढ़ गया है। इसी के चलते जहां नगर के हर मंदिर में बीते हुये कई दिनों से तैयारिया चलते हुये देखी गई है। वही दूसरी ओर भक्तों द्वारा नगर को भगवा रंग की झंडियों से सजाते हुये पूर्णरूप से भगवामय बना डाला है। इस तरह इस तहर विशेष सिद्धि योग और राजयोग में हनुमान जी का जन्मोत्सव पड़नें से हनुमान जी के आराधकों को भगवान हनुमान जी की पूजा, उपासना, वंदना करने से सुख, शंति, वैभव की प्राप्ति होने के साथ उनकी मनोकामनाएँ पूर्ण होगी। वही युवादल द्वारा अंजनी पुत्र का जन्मोत्सव मनाने के लिये की गई तैयारियों के चलते जहां नगर में शाम 4 बजे शहर के प्राचीन हनुमान खप्पर वाले मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकली जावेगी जिसमें अनेक संत महात्मा शामिल होकर सनातन धर्म की रक्षा के लिये संदेश देगे। वही दूसरी ओर इस शोभायात्रा में आये हुये प्रसिद्व अखांडे भी शामिल होकर अनेक प्रकार का प्रदर्शन करेगे। वही दोपहर के समय युवा दल द्वारा शहर में एक भगवा रैली का आयोजन किये जाने की भी पूरी तैयारी की जा चुकी है। वही नगर की बजरंग बाटिका हनुमान मंदिर पर विशेष झांकी बनाई गई है जिसमें हनुमान जी का झूला झुलना मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। वही बजरंग बाटिका समिति ने हनुमान जन्मोत्सव की बडे जोर शोर से तैयारिया की गई है। इस प्रकार से नगर में जहां संकट मोचक हनुमान जी का जन्मोत्सव पूर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी है तो कुछ इसी प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने मिल रहा है। इसी के चलते समीपस्थ ग्राम महगंवा चिर्रिया स्थित सिद्व सरोबर धाम में स्थित भगवान हनुमान मंदिर में भी प्रतिवर्ष हनुमान जयंती के मौके पर विशेष पूज व प्रसादी वितरण का आयोजन चलता था जहां पर हजारों भक्त पहुंचकर भगवान की प्रसादी ग्रहण करते थें। ज्ञात हो कि यहां पर स्थित सिद्व सरोबर स्थल एक ओर जहां हनुमान जी की मनोरम प्रतिमा स्थापित है। वही दूसरी ओर चमत्कारिक सिद्व सरोबर कुंड स्थित है जिसमें 12 माह निर्मल नीर भरा रहने के कारण आकर्षण का केन्द्र बना रहता है। इस कुंड को लेकर हनुमान भक्त ग्राम महगंवा चिर्रिया निवासी गजेन्द्र पटैल द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि जब माँ नर्मदा का जल स्तर बढ़ता है तो इस कुंड का भी बढ़ जाता है और बारिश के मौसम में नर्मदा का जल जब अपना स्वरूप बदता है तो इस कुंड का जल भी उसी स्वरूप में हो जाने के कारण कई वर्षो से इस प्रकार की प्रक्रिया होने के कारण यह बात साबित होती है कि इस कुंड का संपर्क सीधा माँ नर्मदा जी से होने के कारण लोगों का श्रद्वा जुडी हुई है और पूर्णिमा तथा अमावस्या के आलवा प्रति रविवार को यहां पर भक्तों की भीड़ लगती है। इतना ही नही लोग यदि इस कुंड़ में स्नान करते हुए जो अपनी मनोकामना लेकर आते है वह भी पूरी होती है अनेक बीमार लोगों द्वारा इस कुंड में स्नान करने के उपरांत उन्हें हनुमान जी के आर्शीवाद के चलते बीमारियों से भी निजात मिली है। इसी के चलते यह सिद्व सरोबर रूपी कुंड से लोगों की धार्मिक आस्था में बढ़ोत्तरी होने के कारण यहां पर हर वर्ष हनुमान जयंती के पावन अवसर पर मेले जैसा महौल देखने मिलने लगा है। यदि यहां की सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्रीय जनों द्वारा इस सिद्व सरोबर कुंड पर बीते हुए कुछ वर्षो से हनुमान जयंती के मौके पर जिस तरह भक्तों की भीड़ उमड़ने का सिलसिला शुरू हुआ था वह हर वर्ष बढ़ोत्तरी के रूप में देखने मिल रहा था और मेले के रूप में परिवर्तित हो चुका था। जिसके चलते यह सिद्व स्थल लगातार भक्तों का सिर्फ आकर्षण का केन्द्र ही नही बल्कि लोगों की आस्था केन्द्र बन चुका है। वही दूसरी ओर आज हनुमान जयंती के मौके पर शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अनेक धार्मिक आयोजन मात्र सांकेतिक रूप में आयोजित करते हुये पवन पुत्र हनुमान की जयंती भक्तों द्वारा अपने घरों के अंदर रहते हुये श्रद्वा के साथ मनाई जावेगी। क्योंकि इस वर्ष हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष संजोग बना हुआ है पूर्णिमा होने के साथ साथ हनुमान जयंती व हनुमान जी का प्रिय माने जाने वाले दिवस मंगलवार का दिन होने से बड़ा ही शुभकारी बताया जात रहा है और निश्चित ही आज हनुमानजी की आराधना के साथ मनाने की तैयारी देखी जा रही है। क्योंकि संपूर्ण नगर जिस तरह भगवामय हो रहा है उसको देखकर लोग हनुमानजी की भक्ति में लीन होने के लिये उतावले होते हुये देखे जा रहे है।

ट्रेन से कटे हुये युवक की पहचान को लेकर पुलिस द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयास

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। कहा जाता है कि कुछ लोगों को मृत्यु इस तरह होती है कि उन्हें सही रूप से पहचानने वाला तक नही मिल पाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों यानि की 7 अप्रैल 2024 को नगर के चीचली की ओर जाने वाले मार्ग फाटक के पास अप ट्रेक रेल लाईन पर लगभग 30-32 वर्ष के युवक की ट्रन से कट जाने के कारण मौत होने की स्थिति में पुलिस को क्षत विक्षत स्थिति में लाश पाये जाने के चलते लावारिश स्थिति में शव का पंचनामा बनाते मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि घटना को एक पखबाडे से भी अधिक का समय निकल जाने के बाद भी मृतक की पहचान नही हो पाई है। मृतक के संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि जब मृतक का पंचनामा बनाया गया था तो उस समय शव की तलाशी लेने के दौरान किसी भी प्रकार से कोई दस्तावेज नही मिला था। वही मृतक का हुलिया लक्ष विक्षत स्थिति में होने के साथ साथ नीली रंग की जींस व नीली ही टी शर्ट पहने हुआ था तथा सीने में वाये तरफ महादेव लिखा हुआ था। इस तरह अज्ञात शव की पहचान के लिये पुलिस थाना गाडरवारा द्वारा पहचान कर्ता की जानकारी हेतु पुलिस थाने का नम्बर 07791-254888 व थाना प्रभारी 9479996262 जारी करते हुये आमजन से पहचान कराये जाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

आज होगा 108 सुन्दकान्ड पाठ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। हनुमान जयंती के चलते आज नगर सहित क्षेत्र के गांवों में अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगे। वही दूसरी ओर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय चन्द्रकेशर कालोनी इन्द्रा वार्ड स्थित ऋण मुक्तेशर धाम शिव मंदिर आज हनुमान जयंती के पावन अवसर पर दिन मंगलवार को प्रातः 7 बजे से 108 सुन्दकान्ड पाठ का आयोजन श्री रामभद्र सेवा मंडल गाडरवारा द्वारा किया जावेगा। जानकारी के अनुसार ऋणमुक्तेश्वर धाम शिवमंदिर चन्द्रकेशर कालोनी में प्रातः 7 बजे से 108 सुन्दकांड पाठ , राम रक्षा स्तोत्र का पाठ तथा पाठ पश्चात हवन आरती एवं सायं 5 बजे से कन्या भोज के बाद प्रसादी भंडारा का आयोजन किया किया जावेगा। ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षो से शिव मंदिर में प्रति मंगलवार को सुन्दरकाण्ड पाठ किया जाता हैं एवं हनुमान प्रकटोत्सव पर 108 सुन्दकान्ड पाठ श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता हैं , श्री रामभद्र सेवा मंडल चन्द्रकेशर कालोनी द्वारा इस अद्भुत अवसर पर 108 सुन्दरकाण्ड पाठ में भाग लेने हेतु श्रद्धालुओं से अनुरोध किया हैं कि उपस्थित होकर सुन्दकान्ड पाठ में भाग लेकर पुण्य के भागी बनें।

जहां तहां शासकीय हेण्ड पंप में मोटर डालकर निजी लोगों द्वारा कर लिया कब्जा, पानी के लिये भटक रही ग्रामीणजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय देखने मिल रहा है कि जहां अनेक गांवों में बिजली की अघोषित हो रहे कटौती के चलत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी को लेकर भटकरने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि गांवों में शासन द्वारा लगाये गये हेण्ड पंपों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि उनका जल स्तर नीचे की ओर गिर जाने के कारण वह पानी की जगह हवा उगलते हुये देखे जा रहा है। वही दूसरी ओर जहां पर हेण्ड पंप सही सलामत है तो वहां पर गांव के ही प्रभावशालियों द्वारा इन शासकीय हेण्ड पंपों में अपनी निजी मोटर डालते हुये उन पर कब्जा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है, जिसके चलते इन प्रभावशालियों द्वारा शासकीय हेड पंपों में डाली गई मोटरों के चलते जहां वह अपने निजी कामों में उपयोग करते हुये अपने घर के वाडो में सब्जी पैदा करते हुये देखे जा रहे है? मगर आम गरीब ग्रामीणजन दो दो बूंद पानी के लिये भटकने के लिये मजबूर होने से नही चूक पा रहे है? इस प्रकार की सच्चाई को लेकर आये दिन प्रशासन को अवगत कराये जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा इस प्रकार से शासकीय हेंड पंपों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही नही किये जाने का परिणाम है कि उनके हौसले लगतार बुलंद होने से नही चूक पाते है जिसके चलते क्षेत्र के अनेक गांवों में आज भी जहां तहां शासकीय हेंड पंपों में निजी मोटर डली हुई आसानी से देखी जा सकती है। यदि इस सच्चाई कुछ ज्यादा ही उजागर होने लगती है तो संबंधित विभाग द्वारा इन प्रभावशालियों को संरक्षण देते हुये उनके द्वारा डाली गई इस प्रकार से नियम विरूद्व मोटरों पर गांव वालों की सहमति का प्रमाण पत्र का पंचनामा बनबाते हुये कार्यवाही को इतिश्री कर दिया जाता है? जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के लिये पीने के पानी को लेकर भटकने के लिये मजबूर होना पड़ जाता है। जबकि नियम अनुसार तो कार्यवाही इस प्रकार से होना चाहिये की किसी भी शासकीय संपत्ति का इस प्रकार से उसके साथ छेड़खानी करने वालों पर सख्त कार्यवाही होना जरूरी होना चाहिये, मगर विभाग की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत का परिणाम जिसके चलते अनेक गांवों में प्रभावशालियों का आम लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिये शासन की राशि से लगाये गये हेड पंपों पर कब्जा देखने मिल रहा है।

यदि समय रहते हुये ध्यान नहीं दिया तो बड़ी घटना को अंजाम दे सकता हैं, गिरने की कगार पर पहुंचा बबूल का पेड

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है और उस दौरान जान माल को क्षति पहुंच जाने के उपरांत सभी लोगों द्वारा दुख व्यक्त करने में देर नही की जाती है, मगर समय रहते हुये उस घटना को घटित होने से रोकने के प्रयास नही किये जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग टीव्हीएस शोरूम के ठीक सामने संकट मोचक हनुमान मंदिर के बाजू में लगा हुआ एक बबूल का पेड़ बीते हुये कुछ दिनों से लगातार जमीन की ओर झुकते चला जा रहा है, जिसकी सच्चाई को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि यदि किसी दिन तेज हवा चली तो उस दौरान निश्चित तौर से यह बबूल का पेड़ किसी दिन यदि गिर गया तो एक बड़ी दुर्घटना का कारण साबित होने से नही चूकेगा? जिस जगह यह बबूल का पेड़ खड़ा हुआ खुलेआम एक बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण देते हुये प्रतीत हो रहा है वह रास्ता जहां नगर का प्रमुख मार्ग माना जाता है, क्योंकि इस मार्ग से प्रतिदिन नगर के शासकीय कार्यालयों से लेकर रेल्वे स्टेशन, शासकीय चिकित्सालय आने जाने वाले लोगों का निकलना होता है, वही दूसरी ओर दिन भर यहां पर रहने वाले लोगों के बच्चे भी खेलते हुये देखे जाते है, वही दूसरी ओर ठीक इस बबूल के पेड़ के सामने विद्युत ट्रांसफार्मर भी रखा हुआ है, इस स्थिति के चलते यदि यह बबूल का पेड़ अचानक गिर जाता है तो निश्चित तौर से इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को अपनी चपेट में लेने के साथ साथ विद्युत ट्रांसफार्मर को क्षति पहुंचाने के साथ साथ विद्युत व्यवस्था व इस मार्ग की यातायात का प्रभावित करने से नही चूक पायेगा? जिसके चलते हरिभूमि द्वारा शासन प्रशासन व संबंधित विभाग से मांग की जा रही है कि समय रहते हुये गिरने की स्थिति में पहुंच चुके इस बबूल को पेड़ का उचित प्रबंध कर दिया जावे जिससे नगर में कोई बड़ी घटना घटित होने से रोक सके।

नगर में भारी वाहनों पर निर्धारित समय के लिये लागू की जावे नो एन्ट्री

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। जहां एक ओर सांईखेड़ा क्षेत्र में लगातार विकास की बात तो आये दिन होते हुए सुनी जा रही है, मगर नगर की प्रमुख समस्या को लेकर आज तक निजात दिलाने की ओर किसी भी प्रकार की पहल नही होना जहां क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी भी इस समस्या के चलते खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है, क्योंकि इस समस्या के बीच गरीब लोगों को मौत के मुख्य में बैठकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर देखा जा रहा है? बताया जाता है कि नगर के बीचों बीच से निकला हुआ प्रदेश की राजधानी से जुड़ने वाले स्टैट स्तर के मार्ग पर जिस प्रकार से दिन भर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है, वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे ही लगने वाले साप्ताहित बाजार में दुकानदारी करने वालों के लिए भी खतरे की घंटी बजाते हुए यह वाहन तेज गति से दौड़ रहे है? इतना ही नही इसी मार्ग से जहां नगर के स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है। वही दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालयों में पहुचने वाले लोगों का भी दिन पर इस मार्ग पर आनाजाना होने क कारण जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों का निकलना होता है तो आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वही दूसरी ओर बाजार के दिन तो यह हाल होता है कि लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इस सच्चाई को देखते हुए बीते लम्बे समय से लोगों द्वारा सांईखेड़ा में वायपास मार्ग की मांग की जा रही है, मगर इस ओर किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां आम लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा है, वही दूसरी ओर किसी दिन कोई बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर के मुख्य मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक तथा बाजार के दिन दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग की जा रही है, लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की व्यवस्थाओं के चलते उदासीनता बरती गई तो निश्चित ही किसी दिन सांईखेड़ा बाजार में कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना को नजर अंदाज करना मुश्किल साबित हो सकता है?

धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार

गाडरवारा। लोकसभा चुनावों को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये पुलिस द्वारा संदिग्धों पर रखी जा रही पैनी नजर के चलते बीते हुये दिवस सालीचौक चौकी पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र के राम जानकी मंदिर के पास एक युवक को अपने हाथ में तेज धारदार हथियार लेकर घूमते हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम नरेन्द्र उर्फ नंदू पिता रामजी वै निवासी ग्राम छैनाकछार बताया गया। इसी प्रकार से तालाब के पास संजू पिता दशरथ पारधी निवासी अनघोरा जिला रायसेन के पास से भ लोहे का बका जप्त किया गया है। इस प्रकार से अवैध हथियार लेकर घुम रहे दो युवकों के पास से पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों पर हथियार जप्त करते हुये धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया है।

जहां तहां अधूरे पड़े शौचालयों के गड्डे मूक पशुओं की जिन्दगी के लिये बन रहे खतरा

हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा। देश को स्वच्छ व स्वास्थ्य बनाने की सोच के चलते सरकार द्वारा शुरू की गई स्वच्छता की मुहिम के चलते जिस प्रकार से लगभग तीन वर्ष पूर्व जिस प्रकार से जिले से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा अपनी वाही वाही लूटने के लिए जिले को बाह शौच घोषित मुक्त कराये जाने की जो रामलीला की गई थी, उसको लेकर स्थानीय अखबारों द्वारा लगातार इस बात को उजागर किया जा रहा था कि जब लोगों के घरों में अभी तक शौचालयों का निर्माण हुआ ही नही है तो फिर आखिर में जिला बाह्शौच मुक्त घोषित कर कैसे दिया? मगर इस बात को लेकर न तो उस समय जिले के नेताओं द्वारा ध्यान दिया गया और न ही विपक्ष में बैठी हुई राजनीतिक पार्टीयों द्वारा जिसका परिणाम यह हुआ कि जिला स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से अपनी वाही वाही लूटने के लिए संपूर्ण जिले को इस प्रकार से लगभग चार से पांच वर्ष पूर्व उस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा बाह्शौच मुक्त घोषित कराते हुए सम्मान पाया गया था वह सिर्फ चर्चा का विषय ही नही बल्कि उस समय विपक्ष में बैठी हुई पार्टियों की उदासीनता को भी उजागर करते हुए जान पड़ रहा था? कुछ इसी तरह का हाल इस समय भी देखने मिल रहा है जहां पर प्रशासन तंत्र में बैठे हुये अधिकारी अपने कार्यालयों में बैठकर ओडीएफ प्लस करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? क्योंकि जहां प्रशासन द्वारा लोगों के घरों में शौचालयों का निर्माण किया गया है उनकी गुणवत्ता शौचालयों के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की कहानी स्वयं बताते हुए दिखाई दे रहे है जो आज तक पूरे नही हो पाये है और वह सरकार ही बदल चुकी तथा जिले को वाहशौच घोषित करने में अपनी वाही वाही लूटने वाले अधिकारी भी यहां से बिदा ले चुके है? वही दूसरी यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से लगभग तीन वर्ष पहले फर्जी तरीके से घोषित हुए ओडीएफ जिले की सच्चाई देखी जावे तो शहर से लेकर गांवों में आज भी स्पष्ट दिखाई पड़ रही है जहां पर अनेक लोगों के घरों में आज तक शौचालयों का निर्माण नही होने के कारण वह लोग खुले में शौचक्रिया करते हुए देखे जा रहे है और उनके लोगों के घरों म शौचालयों का निर्माण आज भी अंधूरा पड़ा हुआ है जिसके चलते शौचालयों के निर्माण हेतु खोदे गये गड्डे मूक पशुओं के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी के लिए खुलेआम खतरे की घंटी बजाते हुए दिखाई पड़ रहे है? इस प्रकार से अंधूर पड़े हु शौचालय की सच्चाई आये दिन शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिलने से नही चूक रही है जब इन अंधूरे शौचालयों के गड्डो में मूक पशु गिरने से उनकी जान खतरे में पड़ते हुये देखी जाती है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते वर्ष भी उस समय देखने मिल चुकी थी जब क्षेत्र में अनेक जगहों पर इस प्रकार से अधूरे पड़े हुये शौचालयों के गड्डो में मूक पशु गिरने से उनकी मौत तक हो चुकी है, मगर इस ओर शासन प्रशासन द्वारा शायद ध्यान इसलिय नही दिया जा रहा है क्योंकि शासन के रिकार्ड में शौचालय तो पूर्ण हो चुके है तभी तो जिला ओडीएफ घोषित हुआ होगा?

खबर संक्षेप

ईव्हीएम स्ट्रांग रूम के संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारी तैनात

अनूपपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा आम निर्वाचन हेतु मतदान पश्चात ईव्हीएम स्ट्रांग रूम के निकट एक 24 घंटा सक्रिय नियंत्रण कक्ष एवं 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी हेतु अधिकारियों की तैनादगी संबंधी जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र हेमंत खैरवार के स्थान पर सहायक परियोजना यंत्री पीआईयू संभाग अनूपपुर अजीत कुमार सिंह की ड्यूटी पॉलिटेक्निक कॉलेज अनूपपुर में निर्मित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम के संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी हेतु तत्काल प्रभाव से लगाई गई है। संबंधित अजीत सिंह निर्धारित तृतीय पाली में निर्धारित तिथि पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

मानपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान का प्रतिशत

उमरिया 22 अप्रैल- कलेक्ट र एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र1 कुमार जैन ने बताया कि मानपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच मतदान केन्द्रों में 100 फीसदी मतदान हुआ है । इसी तरह 8 मतदान केन्द्रों में 95 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है । 90 से 95 प्रतिशत के बीच 2 मतदान केन्द्र, 85 से 90 प्रतिशत के बीच 2 मतदान केन्द्र, 80 से 85 प्रतिशत के बीच 9 मतदान केन्द्र , 75 से 80 प्रतिशत के बीच 15 मतदान केन्द्र, 70 से 75 प्रतिशत के बीच 34 मतदान केन्द्र ,65 से 70 प्रतिशत के बीच 70 मतदान केन्द्रे तथा 174 मतदान केंद्रो में 65 प्रतिशत मतदान हुआ है

मतदाताओं का आभार महोत्सव कार्यक्रम आज

उमरिया । लोकसभा निर्वाचन 2024 में ग्राम सेमरी एवं पिपरीटोला के मतदाताओ द्वारा शत प्रतिशत मतदान किया गया है । जिनके सम्मान में मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम 23 अप्रैल को ग्राम सेमरी में दोपहर 2 बजे से तथा पिपरीटोला में सायं 4 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

संभागीय मानीटरिंग समिति की बैठक कल

उमरिया। मप्र अनुसूचित जाति, जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत संभाग स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कमिश्नर की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को प्रातः 11.30 बजे कमिश्नर के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक अब 24 अप्रैल को आहूत की जावेगी।

चाकू चमकाते आरोपी धराया

शहडोल। खैरहा थाना क्षेत्रांतर्गत 21 अप्रैल को मुखबिर सूचना मिली कि सिरौंजा में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर खैरहा पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी रामकुमार जैसवाल पिता चंद्रिका जैसवाल 30 साल निवासी सिरौंजा को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खैरहा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक नारेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

90 वाहन चालकों से वसूले समंस शुल्क

शहडोल। जिला पुलिस द्वारा 21 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 90 चालानों में 40,300 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया, कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

संभाग स्तरीय त्रैमासिक बैठक कल

शहडोल। उपायुक्त राजस्व ने जानकारी दी है कि सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से संभागस्तरीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन 24 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे से कमिश्नर कार्यालय के सभागार में किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

डिंडौरी। कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसके तहत प्रचलित कार्यों के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत चर्चा कर निर्देश दिये गये है कि गर्भवती, धात्री माता, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार किये जाने हेतु मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग कर्मचारियों के द्वारा सतत मॉनीटरिंग करते हुये प्रति माह समीक्षा कर संस्थागत प्रसव, शीघ्र स्तनपान, छः माह तक सिर्फ स्तनपान, छः माह पश्चात स्तनपान के साथ ऊपरी आहार देते हुये प्रतिमाह वजन लेकर शरीरिक विकास तथा गर्भवती एवं धात्री माताओं के पोषण स्तर में सुधार करें। फीडिंग तकनीकि संबंधी आईआइटी मुम्बाई द्वारा प्रदर्शित वीडियों के आधार पर मैदानी कर्मचारियों, आशा, ए.एन.एम., आंगनवाडी कार्यकर्ता, समस्त सेक्टर सुपरवाईजर स्वास्थ्यध्महिला बाल विकास विभाग का क्रियान्वयन कार्ययोजना बनाकर सुनिश्चित किया जाऐ। समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं सीडीपीओ मासिक समीक्षा करें। प्रति माह कार्यवाही विवरण जिला स्तर पर प्रस्तुत करें।

उक्त बैठक में जिला स्तर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सिविल सर्जन एवं जिला टीकाकरण अधिकारी, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त सीडीपीओ उपस्थित रहें।

पेयजल आपूर्ति के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की हुई अहम बैठक

डिंडौरी। कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित कराने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर श्री मिश्रा ने पीएचई विभाग से जल स्त्रोतों, जल आपूर्ति, जल संकट आदि मुद्दों की समीक्षा की। बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री के.एस. कुसरे, एमपीईबी के प्रतिनिधि सहायक यंत्री, उपयंत्री और पेयजल निर्माण कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए स्त्रोत अभाव, विद्युत संबंधी समस्याएं आदि के निदान के लिए अधिकारियों को आदेशित किया। उन्होंने कहा कि पेयजल की आपूर्ति की लक्ष्यों को पूर्ण रूप से पूरा करें और पेयजल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज कराएं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या से कानून व्यवस्था खराब नहीं होना चाहिए। इसलिए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर प्रत्येक समस्याओं का निदान रणनीतिपूर्वक करें। प्रत्येक विकासखंड में ऐसे जगह जहां पर पेयजल के लिए समस्याएं आ रहीं हैं उनको चिन्हित कर ठीक करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही को नहीं बख्शा जाएगा और जिम्मेदारों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने निर्देशित किया कि अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर पेयजल आपूर्ति के लिए ठोस रणनीति बनाकर कार्य करें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक

डिंडौरी। आज कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक का आयोजन किया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग श्री आर पी तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री बैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने सर्वप्रथम लोकसभा निर्वाचन-2024 के सफल आयोजन पर सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में अपनी अपनी भूमिका उचित रूप से निभायी।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभागों से विभागवार जानकारी लेते हुए अपने मूल कार्यों के निष्पादन के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए, प्रचलित कार्यों पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। पूर्व में स्वीकृत, निर्माणाधीन, प्रगतिशील कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करें।कलेक्टर श्री मिश्रा ने पीएचई विभाग से पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी लेते हुए पेयजल संकट, पेयजल की निर्बाध उपलब्धता, पेयजल परिवहन की स्थिति का आकलन करते हुए पेयजल भंडारण, पेयजल संरक्षण के लिए नीतिगत कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने विद्युत विभाग को चुनाव के दौरान किए कार्यों की सराहना करते हुए, विद्युत विभाग के कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

शिक्षा विभाग के प्रचलित कार्यों की समीक्षा करते हुए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने वर्तमान सत्र में पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति मामलों, प्राइवेट स्कूलों के द्वारा नियम पालन करने की स्थिति के लिए त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए। गेंहू उपार्जन की स्थिति का अवलोकन करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने वर्तमान में गेंहू बिक्री की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए नियमित कार्य जैसे टीकाकरण, दूरस्थ अंचलों तक स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के निर्देश दिए। वहीं राजस्व विभाग को कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने मूल कार्यों को पूरा करने के लिए आदेशित किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभागों को पूर्व स्वीकृत कार्य, विलम्बित कार्य, प्रचलित कार्यों पर केंद्रित होकर समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।और आचार संहिता के नियमानुसार स्वीकृत कार्यों को करने के लिए निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक को दिये जाँच के निर्देश

धारा 306 के तहत झूठी एफआईआर करने पर शिकायतकर्ता पर लगा जुर्माना

डिंडौरी। मध्य प्रदेश उच्च न्यालय में एक ऐसा मामला सामने आया जहां शिकायतकर्ता पर कोर्ट को गुमराह कर झूठे तथ्य परसोना महँगा पड़ा। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता पर 20 हजार का जुर्माना लगाते हुए, उक्त मामले की जाँच करने पुलिस अधीक्षक निवाडी को निर्देशित कर दोषियों पर कार्यवाही के निर्देश दिये है।

क्या है पूरा मामला-

दिनांक 16/3/23 को अजय यादव व अंकित यादव का विवाद विपिन, आनंद, शिवम् व बादाम से हुआ जहां पीड़ति पक्ष ने पुलिस थाने में भारतीय दंड सहिता, 1860 के अन्तर्गत विभिन्न धराओ में मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के द्वारा कार्यवाही नहीं करने पर मामला उच्च न्यायालय पहुँच जहां न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक को विधि संगत कार्यवाही के निर्देश दिया थे। इस दौरान दिनांक 31/07/23 को भगोड़े शिवम् यादव की खेत में करंट लगने से मृत्यु हो गई थी परंतु भगोड़े शिवम् यादव के परिवार ने अभियुक्त अजय यादव व अन्य के खिलाफ झूठे बयान देकर आत्महत्या के लिए उकसाना एवं अन्य धराओ के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कराया था। जिसको उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी जिसमे आरोप लगाये गये थे की अजय यादव और उसके परिवार के लोगो ने मिलकर शिवम् यादव को घटना दिनांक से एक दिन पश्चात भगोड़े शिवम् यादव और

उसके साथी मुकुल को बोला था की तुम को तो मर जाना चाहिए फिर शिवम् की मृत्यु के उपरांत मुकुल और शिवम् के परिवार के कथनों के आधार पर पुलिस द्वारा भारतीय दंड सहिता की धारा 306 का मर्ग कायम किया गया जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। उच्च न्यायालय ने पूरे प्रकरण की सुनवाई कर निष्कर्ष पर पहुँची की धारा 306 का अपराध कायम नहीं होता है और एफआईआर को निरस्त किया साथ ही शिकायतकर्ता पर 20 हजार का जुर्माना लगाया और पुलिस अधीक्षक निवाडी को निर्देशित किया की मुकुल यादव व उसके परिवार के खिलाफ कार्यवाही कर जाँच करने के निर्देश दिये। मामला में पैरवी अधिवक्ता मनन अग्रवाल व सम्यक जैन ने की।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 01 मई से

डिंडौरी। संचालनालय खेल और युवा कल्याण के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष-2024 का आयोजन जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में किया जाना है।

इसी तारतम्य में दिनांक 22 अप्रैल 2024 को कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुश्री विमलेश सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी, जगनाथ मरकाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी, मोहम्मद अहमद खान जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डिण्डौरी, जिला शिक्षा अधिकारी रति सिंह सिन्द्राम, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग संतोष शुक्ला आनंद मौर्य क्वालिटी कंट्रोलर, क्रिकेट संघ से दिलीप चक्रवर्ती, खेल विभाग से रोशन बाबू झारिया, राजकुमार धुर्वे, सभी प्रशिक्षक एवं विकासखण्ड युवा समन्वयक मौजद रहे। कलेक्टर ने बैठक में मौजूद प्रशिक्षकों को जिला मुख्यालय में 04 खेलों का प्रशिक्षण संचालित करने के निर्देश दिए। जिसमें प्रशिक्षक कु. आरती सोंधिया को बास्केट बॉल, एथलेटिक्स, चेतराम अहिरवार को कबड्डी एवं व्हालीबॉल, युवा समन्वयक श्रीमती संतोषी यादव को हॉकी एवं जिला क्रिकेट संघ के प्रशिक्षक छत्रपाल मरकाम को क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में युवा समन्वयक श्रीमती उषा माकिनपुरी मेंहदवानी को कबड्डी एवं व्हालीबॉल, श्रीमती सुनीता धुर्वे समनापुर को कबड्डी एवं फुटबॉल, कैलाश रजक शहपुरा को कबड्डी एवं व्हालीबॉल, सुखना सिंह पन्द्राम बजाग को कबड्डी एवं व्हालीबॉल, श्रीमती लक्ष्मी बनावल करंजिया को कबड्डी एवं व्हालीबॉल एवं नारायण सिंह मरावी अमरपुर को कबड्डी एवं व्हालीबॉल खेलां के प्रशिक्षण संचालित करने के निर्देश दिये गये। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 01 से 30 मई 2024 तक संचालित किये जायें। शिविर का आयोजन सुबह 06.00 बजे से 08.00 बजे एवं शाम 05.00 से 07.00 बजे तक संचालित किये जायें। खेल प्रशिक्षण केन्द्रों को पंजीयन फार्म, बैनर, प्रमाण-पत्र एवं खेल सामग्री विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी प्रशिक्षण केन्द्रों में फास्टेड बॉक्स मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं पेयजल की व्यवस्था शहरी में मुख्य नगर पालिका एवं ग्राम स्तर पर सरपंच, सचिव पंचायत के द्वारा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। जिससे अधिक से अधिक संख्या में बच्चे खेलों के प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें।

पेयजल व्यवस्था हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग डिण्डौरी द्वारा ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित टोल फ्री नम्बर 7509199997

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिला डिण्डौरी द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन एवं कार्यपालन यंत्री श्री के.एस. कुसरे के निर्देशन में विगत 4 माह से जिलास्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका टोल फ्री नम्बर 7509199997 है। जिला डिण्डौरी के अंतर्गत समस्त ग्राम में स्थापित हैण्डपंप खराब होनें या नल जल योजना बंद होनें की स्थिति में ग्रामवासी दिये गये टोल फ्री नम्बर पर फोन लगाकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं एवं विभाग द्वारा त्वरित पेयजल व्यवस्था हेतु हैण्डपंप संधारण कार्य किया जा सकेगा। इस व्यवस्था से जिले वासियों को शिकायत दर्ज करनें हेतु दफ्तर के चक्कर काटनें की जरूरत नहीं पडेगी।

कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करनें हेतु विभागीय कर्मचारी तैनात रहते हैं ।कंट्रोल रूम के प्रभारी एन.एस.बनवासी मो0न0-9993871904 सुबह 8.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक एल.एल.धुर्वे मो 9098415389 एवं प्रमोद दुबे मो0नं0-9691693004 शाम 4.00 बजे से रात 12.00 बजे तक राजेन्द्र पटेल, मो0नं0-7879408868, एवं आर.एस. चर्मकार मो0नं0-8982459682 अवकाश के दिनों में राजेन्द्र झारिया मो0नं0-8349812761, गणेश परस्ते, मो0नं0-7440270753, पारस बरकड़े, मो0नं0-9165041277, हेमकरण पुषाम मो0नं0-9174280165 अपने अपने कार्य करेंगे।

गली-मोहल्लों में अवैध कबाड़ का धंधा

कोतमा

नगर मे खुलेआम कबाड़यिों का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। अबैध कबाड़ की दुकानों में पुलिस की सरकारी लोहे पर नजर भी पड़ रही है, लेकिन कबाड़यिों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। यही वजह है कि अब चोर कालरी से लोहा एवं अन्य सामान चुराकर कबाड़ दुकानों में आसानी से खपा रहे हैं। नगर के बनिया टोला में रोड अंडर ब्रिज के पास वार्ड क्रमांक 7 शिशु भारती स्कूल के पास मनेद्रगढ़ रोड वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर जनपद कार्यालय के आगे कॉलेज तिराहा के पास कबाड़ दुकानों की लाइन शुरू होती है। अवैध दुकानों को बंद करवाने के लिए पुलिस हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। पुलिस संरक्षण से ही कबाड़ दुकानें संचालित हो रही हैं। इस व्यसाय में पुलिस और प्रशासन का कोई रोकटोक नहीं है। थाना क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर कबाड़ दुकान चल रही हैं। कबाड़ सामान को सड़क तक फैलाकर रखते हैं। संचालक बेधड़क कालरी के लोहे को खरीद रहे हैं। फिर दूसरी जगह महंगे दाम में सप्लाई करते हैं। बाइक व अन्य चोरी के सामान खपाना आम बात हो चुकी है।

चोरी की घटनाएं भी बढ़ी

इन दिनों नगर के गली मोहल्लों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह कबाड़ दुकान संचालित हो रही है। सभी संचालक प्रत्येक सप्ताह सैकड़ों टन लोहे का कबाड़ खरीद रहे हैं। इतनी मात्रा में लोहे कहां से आ रहा है। इसके बारे में किसी को पता नहीं है। दूसरी ओर जैसे-जैसे कबाड़ दुकानों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, उसी तरह चोरी की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। चोर नए-नए क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इससे पहले कभी भी चोरी होने की शिकायत नहीं मिली थी। लेकिन पिछले कुछ दिनों से नगर में चोरी की घटना में इजाफा हुआ है। कालरी से लोहे चोरी हो रहे हैं। इन्हें कबाड़ दुकानों में आसानी से खपाया भी जा रहा है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता चोरी की घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है। लेकिन कबाड़ दुकानों को बंद करवाने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। पुलिस के संरक्षण में कबाड़ी खुलेआम कारोबार कर रहा है। पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी करती है। यह भी स्पष्ट है कि पुलिसकर्मी थानों में बैठने वाले संचालकों के दुकान के करीब भी नहीं जाते हैं।

स्टाक रजिस्टर से चल रहा धंधा

कबाड़ दुकानों में ज्यादातर चोरी का माल खपाया जाता है। पुलिस कई बार कबाड़ दुकानों से चोरी की सामग्री जब्त कर चुकी है। इसके बावजूद कबाड़ दुकान खोलने के लिए कोई कड़ा नियम कानून नहीं बनाया गया है। सिर्फ एक स्टाक रजिस्टर बनाकर दुकान संचालित किया जाता है। स्टाक रजिस्टर में खरीदी-बिक्री किए गए सामान को दर्ज कर कारोबार करते हैं। इन दिनों नगर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एक सप्ताह के अंदर तीन लोगों से मोबाइल लूट की घटना हो चुकी है। चोरी की कई बड़ी घटना भी घटित हो चुकी है। लेकिन पुलिस लूट एवं चोरी की घटना का पर्दाफाश करने में असफल साबित हो रही है।

लंबित विभागीय कार्यों में गति लाएंः कलेक्टर समयावधि बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा कर दिए निर्देश

अनूपपुर

जिले में शांतिपूर्ण, निर्विघ्न निर्वाचन सम्पन्न होने पर सभी लोगों के सहयोग के लिए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आभार ज्ञापित किया है। श्री वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के पूर्व यह बातें कही। बैठक में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर डी.के. पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय क्षेत्रों के सीएमओ उपस्थित थे। समयावधि बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने संचालित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए जन-मन योजना आदि आदर्श ग्राम, विद्युतीकरण, जल जीवन मिशन, स्वनिधि से समृद्धि प्रोफाईल अपडेशन कार्य, डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों तथा जिले के चारों विकासखण्डों में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा लाइब्रेरी भवन के निर्माण कार्य, लेमनग्रास उत्पादन, एनसीएल मद से स्कूलों में प्रसाधन भवन का निर्माण, मल्टी परपच सेन्टर पीव्हीटीजी हास्टल निर्माण तथा अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए।

अगले डेढ़ माह विभागीय कार्यों में फोकस करें

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा आम निर्वाचन के प्रथम चरण में अनूपपुर जिले में सम्पन्न मतदान के पश्चात अब आगामी डेढ़ माह लंबित विभागीय कार्यों को गतिपूर्वक करके कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में लंबित समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए विभागीय रिव्यु बैठक के पूर्व प्रगति परिलक्षित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन विभाग अंतर्गत अर्न्तविभागीय लंबित अनुमति कार्यों को निराकृत करने के निर्देश दिए, जिससे विभागों के कार्य गतिपूर्वक कराए जा सके। उन्होंने जिले के 35 स्थानों में बीएसएनएल के मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाने की समीक्षा की। बताया गया कि 5-7 स्थानों में टॉवर की स्थापना हो चुकी है। शेष में कार्य होना है, जिस पर उन्होंने इसकी पूर्णता व मानीटरिंग संबंधी निर्देश अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को दिए।

बारिश पूर्व होने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के अनुमति प्रस्ताव दें

आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रख ऐसे महत्वपूर्ण कार्य जो समय-सीमा में किए जाने है जिससे संबंधित प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

कार्यालय से कार्यों की अनुमति के लिए विभाग प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराएं, जिससे कार्यों की अनुमति लेकर वर्षा ऋतु के पूर्व कार्य किया जा सके। निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता के पूर्व से संचालित कार्यों में प्रगति लाने के कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जल अभावग्रस्त संबंधी जारी आदेश के मुताबिक बिना अनुमति बोरवेल उत्खनन पर सख्ती से कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप जल समस्या के निदान हेतु बोरवेल का अतिक्रमण किया जाए। जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मण्डी में लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगाए जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

भीषण गर्मी के चलते स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग

अनूपपुर/कोतमा। गर्मी के प्रकोप के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित अभिभावकों ने मध्य प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि या तो स्कूलों के समय में बदलाव किया जाए या गर्मियों की छुट्टियां निर्धारित समय से पहले शुरू की जाएं। गर्मी को देखते हुए अनेक स्कूलों में आउटडोर गतिविधियों को कम कर दिया गया है। बच्चों के माता-पिता का दावा है कि इतनी भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय बच्चों के लिए सही नहीं है। कई राज्यों की सरकार ने घोषणा की है कि गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सभी निजी और सरकारी स्कूलों में समय से पहले भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। अनूपपुर जिला मुख्यालय सहित कोतमा एवं कोयलांचल तथा ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावको ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार ने धूप में, विशेष रूप से दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे के बीच बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है, लेकिन प्रदेश में अधिकतर स्कूलों का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक है। उन्होंने कहा कि बच्चे तीन बजे तक घर पहुंचते हैं।

निर्माण कार्यों में वन भूमि की अनुमति के संबंध में हुई समन्वय बैठक

अनूपपुर

वन भूमि में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों से संबंधित अनुमति प्रकरण के निराकरण के संबंध में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में वन मण्डलाधिकारी श्रद्धा पेन्द्रे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, वन विभाग के एसडीओ, रेन्ज ऑफीसर तथा आरईएस, पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, पीएमजीएसवाई, विद्युत विभाग के अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से जनपद पंचायतों के सीईओ व नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्माण कार्यों में वन भूमि संबंधी अनुमतियों के संबंध में चर्चा कर प्रकरणों के निराकरण के संबंध में प्रक्रियात्मक कार्यवाही किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने विभिन्न विभागों के वन भूमि संबंधी अनुमतियों के संबंध में ध्यानाकर्षण किया तथा वन विभाग के अधिकारियों को आगामी टीएल बैठक के पूर्व लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही किए जाने के संबंध में कहा गया।

हनुमान जयंती पर ग्रहों का शुभ संयोग, बरसेगी कृपा

अनूपपुर हनुमान जयंती को हिंदू धर्म के प्रमुख पर्वों में से एक माना जाता है और भक्तों को पूरा साल इस शुभ दिन का इंतजार रहता है। इस बार 23 अप्रैल यानि आज हनुमान जयंती है। इस दिन मंगलवार भी है और ग्रहों के योग से बहुत ही दुर्लभ संयोग भी बना है। इस दिन मंगल ग्रह अपना राशि परिवर्तन भी कर रहे हैं और वह मीन राशि में आने वाले हैं। इस दिन चित्रा नक्षत्र प्रभाव में रहेगा और मंगल मीन राशि में आकर राहु, शुक्र, बुध, नेपच्यून के साथ युति संबंध बनाएंगे।

खबर संक्षेप

महिला ने किया जहरीली वस्तु का सेवन

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर । गत दिवस महिला द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अर्चना - अरूण चौधरी उम्र 19 वर्ष निवासी चीचली थाना तेंदूखेड़ा द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

किशोर को जंगली जानवर ने काटा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । गत दिवस खेत मे 12 वर्षीय किशोर को जंगली जानवर ने काट लिया । पुलिस ने बताया कि जीतेश पिता बसंत पटैल उम्र 12 वर्ष खेत था तभी जंगली जानवर द्वारा काट लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

युवती ने की शिकायत, मामले की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर । विगत दिवस युवती ने करेली मे थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दी गई जिसमे बताया गया है कि शशांक उर्फ बोनी गुप्ता के पिता द्वारा उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया है । उक्त संबंध में थाना प्रभारी करेली सुभाषचंद बद्येल द्वारा बताया गया कि बीते दिनों युवती द्वारा शांतनु के घर के सामने आकर तांडव प्रारंभ कर दिया गया जिससे परिजनों द्वारा डायल 100 बुलानी पड़ी थी बाद मे समझा - बुझाकर युवती को घर भेज दिया गया दोनो एक ही समाज के होने के कारण आ पसी रजामंदी को लेकर लोगों द्वारा प्रयास किये जाने लगे थे जिससे पुलिस ने भी दूरियां बना ली थी लेकिन विगत दिवस युवती ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी गई जिसकी जांच पड़ताल पुलिस करेगी । उक्त संबंध मे बताया जा रहा है कि शांतनु उर्फ बोनी गुप्ता निवासी करेली के साथ पढ़ने वाली अपनी ही समाज के लड़की के साथ प्रेम प्रसंग है दोनो के बीच कहासुनी होने के कारण युवती ने प्रेमी के घर के सामने आकर हंगामा किया था जिस पर उसके पिता द्वारा भलाबुरा कहते हुये उसके साथ अभद्रता की गई जिसकी शिकायत पुलिस से की गई। दोनो आपस के एक ही समाज के होने के कारण रिश्तेदारों द्वारा सुलह कराने का प्रयास किये गये लेकिन सफल नजर नही आ रहे है । अब देखना होगा कि पुलिस उक्त मामले मे क्या कार्रवाई करती है या फिर पहले की तरह समझा - बुझाकर मामले को दबा देगी ।

समन्वय परिवार द्वारा मनाई गई महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । विगत दिवस महावीर जयंती पर सर्व धर्म मिलन समारोह सच्चिदानंद आश्रम में समन्वय परिवार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एकता स्तंभ पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्रीमती रेखा दुबे द्वारा प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया।

मातारानी के जयकारों की रहीं गूंज

सोमवार को स्थानीय सदर मढिया मे स्थापित सार्वजनिक जवारों का विसर्जन किया गया । जवारों की शोभायात्रा व चल समारोह सुबह 10 बजे से किया गया जो शाम 4 बजे तक चलता रहा । चल समरोह के दौरान जगह - जगह भव्य स्वागत किया सत्कार किया गया एंव लोगो द्वारा भंडारो का वितरण किया गया । नरसिंहपुर जिले का ऐतिहासिक जुलूस को देखने के लिये सम्पूर्ण जिले से एकत्र होते है साथ आसपास के कई जिले के लोग नरसिंहपुर जुलूस देखने पहुंचते है सदर मढिया के जवारों का जुलूस एक ऐतिहासिक स्वारूप मे होता है ।

अखाड़ो के कलाकारों ने दिखाया करतब, आकर्षण का केन्द्र रही झांकिया

6 घंटे तक अनवरत चला जवारों का चल समारोह

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । सोमवार को सार्वजनिक सामूहिक जवारा समिति के तत्वावधान में सुबह तकरीबन 10 बजे से सदर मढ़िया परिसर से जवारा विसर्जन की शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। अग्रिम पंक्ति में शहर भर के अखाड़ों के करतबबाजों के अलावा झांकियों के साथ 751 घटकलश सिर पर रखकर चल रहीं महिलाएं, युवतियां, किशोरियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इनके पीछे मातारानी की मनमोहक प्रतिमा और जिलेभर से आए पुरुष-महिला श्रद्धालु, धार्मिक-सांस्कृतिक समितियों के सदस्य चलते रहे हैं। सदर मढ़िया परिसर से 10 बजे शुरू हुई ये शोभायात्रा नगरपालिका चौराहा, सुभाष पार्क चौराहा से होते हुए, मुख्य मार्ग सिंहपुर चौराहा , राम मंदिर, एल आई सी, सुनका चौराहा , गुदरी, सराफा होते हुये, गुरूद्वारा, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र, पुत्री शाला, मेन रोड से सुभाष पार्क चौराहे पर आकर शाम करीब 5 बजे समापन किया गया ।

आस्था का उमड़ जनसैलाब

सामूहिक जवारे उत्सव समिति के तत्वाधान में धूमधाम से दुर्गा प्रतिमा एवं जवारा कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इससे दोनों जगह आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा, लोग शोभायात्रा के स्वागत के लिए उमड़ पड़े। भक्ति के उल्लास में डूबे भक्त मुंह, गाल से लेकर शरीर के विभिन्न हिस्सों में बाना छेदकर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे । सिर पर घटकलश लिए चल रहीं मातृशक्तियों के पैर सड़क पर गर्मी की वजह से न तपें, इसके लिए पूरे यात्रा मार्ग को शीतल रखने भक्त स्वस्फूर्त भाव से पानी का छिड़काव कर रहे हैं। इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए शहर व आसपास के गांवों के अलावा करेली, गोटेगांव, गाडरवारा, तेंदूखेड़ा तहसील से बड़ी संख्या में युवा, बच्चे, बुजुर्ग पहुंचे ।

आसपास क्षेत्र के अखाड़े हुये शामिल

जवारा विसर्जन यात्रा में पूर्व की तरह इस वर्ष भी नगर सहित आसपास क्षेत्र के अखाड़े शामिल हुए तथा हैरतअंगेज प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित किया। पटा बनैटी, लेजम , खंब आदि के करतबों का प्रदर्शन हुआ। जवारा विसर्जन के दौरान निकली शोभायात्रा में अनेक लोगों ने श्रद्धा एवं आस्था के प्रतीक माँ के बाने धारण किए, इस बार बाना धारण करने के लिए होड़ मची रही हर आयु वर्ग के लोगों के साथ बच्चे भी बाना धारण करने में पीछे नहीं रहे। अखाड़ों के पहलवान, शिक्षार्थियों द्वारा इस दौरान बाना-बनैटी समेत परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों का रोंगटे खड़े कर देने वाला प्रदर्शन किया गया ।

मनमोहक रही झांकियां

जिले का सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस आयोजन के लिये पूर्व से ही भारी तैयारियां कर ली गयीं थीं। नगर में जगह जगह स्वागत द्वारा बनाये गये थे जिसके साथ स्वागत तथा पूजन की व्यवस्था की गयी थी। शोभायात्रा में आगे आगे अखाड़ा तथा बड़ी संख्या में गालों में बाना छेदे अनेक देवी भक्त चल रहे थे जिसके बीच बैंड पर देवीगीतों की शानदार धुन बज रही थी। इसके पीछे ढोल देवी भगतों की धुन बजा रहे थे तथा महिलाएँ भगतों का सश्वर गायन कर रही थीं। इसके पीछे सौम्य देवी प्रतिमा की आकर्षक झांकी थी एवं बड़ी संख्या में जवारा घट सिर पर रखे महिलाएँ चल रही थीं। इस शोभायात्रा में देवी के परम्परागत बाने के साथ लोग शामिल थे जिनमें से अनेक भाव में लीन होकर झूम रहे थे। वहीं बाहर से आये कलाकारों का डांस आकर्षण का केन्द्र रहा। चलित झांकियों में विभिन्न देवी देवताओं की झांकी, वेशभूषा में बच्चे, युवा, बालिकाओं की देव मुद्राएं मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे ।

जगह - जगह हुये भंडारे आयोजित

शोभायात्रा के दौरान यात्रा में शामिल लोगों की सुविधा के लिए श्रद्धाभाव में डूबे धर्मप्रेमी नागरिकों सामाजिक धार्मिक संगठनों ने जगह-जगह पर भंडारे की व्यवस्था की, विभिन्न प्रसाद की प्रसादी, फलों के साथ-साथ शरबत सहित शीतल पेय पदार्थ एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई। भंडारे के आयोजन में साम्प्रदायिक सौहार्द्र की मिशाल देखने मिली। जवारा घटकलशों की शोभायात्रा में सभी राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता, राजनैतिक व सामाजिक संगठन, युवा, कंधे से कंधा मिलाकर व्यवस्थाओं में सहभागिता दी गईं । सभी ने शहर के विभिन्न मार्गों पर शोभायात्रा में शामिल भक्तों की प्यास शरबत, ठंडे पानी से बुझाने, स्वल्पाहार के लिए व्यवस्थाएं की गई । सभी धार्मिक उल्लास के रंग में रंगे नजर आयें और मातारानी की भक्ति में सराबोर रहे । सार्वजनिक जवारा समिति के सदस्य भी मोर्चा संभाले हुए हैं। शोभायात्रा के आगे बढ़ने के साथ ही स्वयंसेवक पानी पाउचों, डिस्पोजल की सफाई कर रहे हैं ताकि मार्ग पर कचरा न फैल सके। वहीं प्रेस क्लब नरसिंहपुर ने भी सुभाष चौराहे पर शोभायात्रा का स्वागत कर अपनी सहभागिता प्रदान की।

25 वर्षो से की जा रही है जवारों की स्थापना

नगर में चली आ रही गत 26 वर्ष की परम्परा को अक्षुण्य रखते हुए सामूहिक जवारा समिति के तत्वावधान में इस 26 वर्ष में भी श्रृद्धा एवं उत्साह के साथ जवारों की स्थापना की गयी थी जिनके साथ मां शक्ति की एक सौम्य प्रतिमा भी स्थापित की गयी थी। बैठकी के दिन से शुरू हुई शक्ति आराधना के पांचवे दिन पंचमी को स्थापित जवारों की 9 दिवस से भी अधिक चली अनवरत पूजा अर्चना के पश्चात सोमवार को उनकी शोभायात्रा निकाली गई जिसमे भस्म रमैयाभक्त मंडल वाना मंडलियों के साथ ढोल नगाड़े आकर्षण का केन्द्र रहे । समिति के अध्यक्ष महंत पीतमपुरी, मुख्य पंडा कोमल प्रसाद पटेल व सहयोगी, जेपी ठाकुर, जितेंद्र अग्रवाल सहित समिति के सदस्य गण जुलूस के दौरान मौजूद रहे। उक्त मौके पर प्रशासन भी चौकस रहा । **फोटोग्राफरः संजय राय**

विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । गत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पृथ्वी बनाम प्लास्टिक थीम पर चित्रकला, निबंध एवं भाषण संगोष्ठी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई जिसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, शासकीय सी एम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर, एसडीएम एवं शासकीय नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर कक्षा नौवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संस्था प्राचार्य जीडी गढ़ेवाल जी के चौधरी की गरिमा में उपस्थिति में प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई सभी अतिथियों एवं संस्था प्राचार्य जीएस पटेल ने पृथ्वी बनाम प्लास्टिक विषय पर अपने-अपने विचार रखे, प्लास्टिक के

उपयोग को कम करने पुनः उपयोग एवं पुनः चक्रीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त एवं संसाधनों को संरक्षित रखकर भावी पीढ़ी हेतु स्वस्थ एवं स्वच्छ पर्यावरण बनाने के लिए प्रयास करने की बात रखी गई। इस कार्यक्रम पृथ्वी बनाम प्लास्टिक विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नमन साहू कक्षा दसवीं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, द्वितीय स्थान पर प्रियंका मेहरा सी एम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर तृतीय स्थान पर हेमंत काछी शासकीय नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर ने प्राप्त किया निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गोमती लोधी कक्षा 12वीं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर द्वितीय स्थान हिमानी रैकवार सी एम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर तृतीय स्थान मनीषा चौधरी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर ने प्राप्त किया भाषण संगोष्ठी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैतिक तिवारी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर द्वितीय स्थान जयश्री पटेल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर तृतीय स्थान खुशी कौरव शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर ने प्राप्त किया कार्यक्रम में मंच संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक राम नरेश रावत ने किया कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रांगण में ही वृक्षारोपण किया गया एवं पक्षियों हेतु जल पात्र सकोरा रखे गए जिससे गर्मी के मौसम में पक्षियों को पीने का जल प्राप्त हो सके कार्यक्रम का समापन संस्था की शिक्षिका श्रीमती गीता सेन द्वारा आभार प्रदर्शन से हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशांत पटेरिया, श्रीमती मधु पटेल सहित अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।

आज मनाया जावेगा हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । आज सम्पूर्ण जिले मे बल,बुद्धि, विद्या के दाता राम भक्त श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जावेगा । हनुमान जन्मोत्सव पर जिले मे विविध कार्यक्रम आयोजित किये जावेगें आयोजन समीति द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है वही प्रातः काल से कार्यक्रम प्रारंभ कर दिये जावेगें जिसमे हवन, पूजन, भंडारा, रामायण पाठ, सुदरकाण्ड पाठ, हनुमान चालीस, अभिषेक, उपवास, महाआरती, चोला वंदन, भंडारा, प्रसाद वितरण अन्य धार्मिक कार्यक्रम किये जायें। इस अवसर पर जगह - जगह शोभा यात्रा भी निकाली जावेगी । श्री हनुमान जयंती के अवसर पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्म-लाभ अर्जित करने की अपील मंदिर समितियों ने की है। वही अनलगढ़ मंदिर समीति द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसका समापन आज पूर्ण आहूति के साथ किया जावेगा । उक्त कार्यक्रम 19 अप्रैल से निरंतर जारी है । जिसमे सदगुरूदेव ब्रजपाल जी शुक्ल वदांवन द्वारा भक्तों को भगवान की भक्ति का रसपान कराया जा रहा है ।

अपने मूल स्थान पर विराजे हनुमान लला

तेंदूखेड़ा- संकटमोचक श्री हनुमान जी महाराज के नवनिर्मित मंदिर के शिखर कलश एवं श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव काफी धूम धाम से भव्य मंदिर मे मूल स्थान पर विराजित हो जाने के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर मंदिर मे भव्य कलशों की स्थापना कराई गई तथा विशेष महूरत मे संकटमोचक की प्राणप्रतिष्ठा की गई। रामनवमी के दिन से विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुये श्री गणेश आदि सभी देवी देवताओं के आवाहन पूजन के साथ मूर्ति के संस्कार प्रारंभ हुये। कलश एवं भगवान की मूर्ति का जलाधिवास अन्नाधिवास पुष्पाधिबास फलाधिवास धुपाधिवाश मिष्ठानाधीवाश घृताधिवास करने के बाद करने के बाद पंचामृत आदि विभिन्न प्रकार के द्रव्यों और औषधीय से युक्त कलशों से भगवान का स्नान कराया गया। सहस्त्रधारा कलश से ब्राह्मणों द्वारा भगवान का महाभिषेक किया गया। तथा रविवार को नगर के मुख्य मार्गो से संकटमोचक का भ्रमण कराया गया। अनुष्ठान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः काल से मध्य काल तक पीठ पूजन मूर्ति संस्कार एवं स्वयं कल हवन आरती के चलते नगर मे धार्मिक वातावरण बना हुआ है। आचार्य पंडित प्रमोद पचैरी ने बताया कि अधिवास और स्निपन्न के बाद भगवान की शोभायात्रा सैया दिवस मूर्ति के न्यास के साथ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आज श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भगवान का सहस्त्रनाम एवं पूर्णाहुती की जायेगी। राम रसिया भक्त मंडल ने समस्त नगर वासियों एवं धर्म राज्यों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। इसी दिवस एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। संगीतमय सुंदरकांड चालीसा पाठ के उपरांत महा आरती तथा भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा।

अखंड रामायण पाठों के साथ सुंदरकांड एवं चालीसा पाठ

आज मंगलवार को मंगल करने वाले श्री हनुमान प्रकटोत्सव संपूर्ण क्षेत्र में धूमधाम से मनाये जाने को लेकर बृहद स्तर पर तैयारियां की गई है। जगह-जगह हनुमान मंदिरों में विशेष साज सज्जा के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न कराये जाने को लेकर आयोजक अपने अपने स्तर से तैयारी में जुटे हुए हैं।प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी समीपी ग्राम ऊमरपानी में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड , हनुमान चालीसा , भजन , शिव रूद्राभिषेक पूजन अर्चन, श्री पंचमुखी हनुमान जी

का चोला श्रृंगार , पांच ध्वज, श्रीं राम कथा एक दिवसीय , कन्याभोजन, प्रसाद वितरण समारोह आयोजित है । संस्थापक - महंत श्री कमल गिरि जी महाराज के पावन सानिध्य मे सभी भक्तजन हनुमान प्रकटोत्सव मे विगत 25 वर्ष से स्थापित पीपल वृक्ष के पास, जहां पुरातन बंजारन देवी का स्थान है , निकट ही सिद्ध दाने बाबा का स्थान है ।पिछले वर्षों मे यहां श्री नर्मदा जयंती महोत्सव भी भागवत महापुराण कथा के साथ मनाया जाता रहा है । दक्षिण मुखी - पंचमुखी हनुमान उमरपानी बहुत ही सिद्ध स्थल है । जहां पर सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना दादा पूरी करते है । इस वर्ष भी यज्ञ हवन-पूजन के साथ ध्वज चडाकर धूमधाम से हनुमान प्रकटोत्सव मनाया जायेगा । तेंदूखेड़ा के राम घाट स्थित हनुमान मंदिर टाल मुहल्ला स्थित मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर पुत्री शाला वार्ड क्रमांक 08 09 तथा वार्ड क्रमांक 11 में नव निर्मित मंदिर में रामायण पाठ सुंदरकांड पाठ चालीसा पाठ बाजार मुहल्ला स्थित झंडा चैक के समीप वरिया वाले हनुमान जी मंदिर में पूजन अर्चन होगा।

राहुल गांधी वामपंथियों के बंधक

तेंदूखेड़ा की सभा में बोले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान

तेंदूखेड़ा- नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी दर्शन सिंह चैधरी के समर्थन में तेंदूखेड़ा की कृषि उपज मंडी परिसर में एक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान ने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर सबका विकास करना चाहती है। राजनिति मे सत्ता का सिंघासन पाना भाजपा की सोच नहीं बल्की जनता की सेवा का भाव लेकर काम करती है। हमारी अंतिम सांस मानव सेवा के लिये ही समर्पित है। मैंने नवरात्रि के दौरान माता-रानी से एक ही कामना की है कि मुझे भले ही विद्या बल धन दौलत और मरने पर मुक्ति नहीं देना इस धरती पर बार बार जन्म जरूर देना जिससे मैं जनता की सेवा कर सकूं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र की जनता का मै बारंबार धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। यहां से विश्वनाथ सिंह पटेल को विधायक बनाया अब यहां से संघर्ष करने वाले चैधरी दर्शन सिंह को प्रत्याशी बनाकर भेजा है। ये दोनों मिलकर क्षेत्र की सेवा करेंगे और

कमी पड़ी तो मैं दिल्ली से राशि लेकर आउंगा। 2014 के पहले घोटालो के रूप मे देश को जाना जाता था और पिद्दी देश हमें डराते धमकाते थे। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के नेतृत्व में भाजपा जन कल्याण कारी नीतियों पर चलते हुए देश और दुनिया में भारत को गौरवान्वित कर रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए स्पष्ट किया कि विनाश काले विपरीत बुद्धि हो गई है। इनकी खोपड़ी में मंथरा बैठ गई है।राम मंदिर में रामलला की स्थापना में बुलाया था क्यों नहीं पहुंचे ऊपर से मीन में मेक निकाल रहें हैं।जब तक सूरज चांद सितारे रहेंगे तब तक कांग्रेस को जनता माफ नहीं करेगी। कांग्रेस के नेता कांग्रेस छोड़कर भाग रहे हैं। राहुल गांधी वामपंथियों के बंधक बन हुए हैं। क्योंकि उन्हें कुछ पता ही नहीं चल पाता। राहुल गांधी को हिंदी तक तो बोलना नहीं आता। पहले उनकी मां अमेठी से लड़ी फिर हार के डर से चुनाव नहीं लड़ा। राहुल गांधी ने भी अमेठी छोड़ दिया अब वायनाड से चुनाव लड़ने पहुंच गए जो स्वयं चुनाव नहीं जीत सकता वह दूसरे को कैसे चुनाव जिता पायेंगे। जैसे विभिन्न विंदुओं पर काफी विस्तार से प्रकाश डाला।इस मौके पर कुछ ही समय पूर्व भाजपा में शामिल हुए सुरेश पचैरी राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी और प्रत्याशी चैधरी दर्शन सिंह ने भी संबोधित करते हुये भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे मे काफी विस्तार से जानकारी दी। हैलीकॉप्टर से तेंदूखेड़ा पंहुचे पूर्व मुख्यमंत्री का विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के नेतृत्व मे स्वागत कर सभा स्थल तक पंहुचाया गया। इसके पूर्व जिले के विभिन्न नेताओं ने मेहती सभा मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुये सभा को संबोधित किया। सभा के उपरांत मुख्यमंत्री हैलीकॉप्टर से देवरी रायसेन के लिये प्रस्थान कर गये। इस मौके पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।